सतना | रविवार | 26 अक्टूबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 053 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत


5 महापर्व छठ भारतीय परम्परा का वैज्ञानिक अनुष्ठान आरोग्यपूर्ण अनुष्ठान


6 'तनाव अब बेअसर': सहज निदानों की तरफ़!


7 ज्योतिष और जादू की राजनैतिक शक्ति


8 हमने यहां अच्छा क्रिकेट खेला

# ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी से छेड़छाड़

## आक्रोश : आरोपी गिरफ्तार, इंदौर की छवि को पहुंचा धक्का

नव भारत न्यूज

**इंदौर 25 अक्टूबर. शहर को हमेशा अपनी मेहमान नवाजी और अतिथि सुरक्षा के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन गुरुवार को खजराना रोड पर हुई ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के साथ छेड़छाड़ की घटना ने शहर की प्रतिष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है. इस घटना को लेकर व्यापक आक्रोश देखा जा रहा है. घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन यह मामला न केवल खेल जगत बल्कि पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता का विषय बन गया है.**

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की दो खिलाड़ी सुबह के समय होटल रेडिसन ब्लू से पैदल कैफे द नेबरहुड की ओर जा रही थीं. तभी सफेद शर्ट और काली टोपी पहने एक बाइक सवार युवक ने उनका पीछा किया और एक खिलाड़ी को गलत तरीके से छूकर मौके से भाग गया. घबराई खिलाड़ियों ने तुरंत टीम के सुरक्षा अधिकारी डैनी सिमंस को संदेश भेजा और अपनी लाइव लोकेशन साझा की. पुलिस ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए विजय नगर, एमआईजी, खजराना, परदेशीपुरा और कनाड़िया थानों की संयुक्त टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू की. तमाम सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपी की पहचान हुई और शाम को खजराना निवासी अकील को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी पर पहले से भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.



### यह घटना शर्मनाक : विजयवर्गीय



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, यह बेहद निंदनीय और शर्मनाक घटना है. इंदौर सदैव मेहमाननवाजी और सुरक्षा के लिए जाना जाता रहा है. आरोपी को सख्त सजा मिलनी चाहिए ताकि कोई दोबारा ऐसा करने की हिमाकत न करे.

### यह प्रतिष्ठा पर आघात : महाआर्यमन



मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने कहा, मन अत्यंत व्यथित है. किसी भी महिला को इस प्रकार के अनुचित व्यवहार का सामना नहीं करना चाहिए.

### बीसीसी ने जताई नाराजगी



बीसीसी सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक घटना है. मध्यप्रदेश पुलिस की तुरंत कार्रवाई की सराहना करते हैं. अपराधी को कानून के तहत कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी खिलाड़ी असुरक्षित महसूस न करे.

### जांच जारी है : एडीसीपी

एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने एमआईजी, विजय नगर, खजराना, परदेशीपुरा और कनाड़िया थानों की संयुक्त टीम बनाई. सीसीटीवी कैमरों की जांच में आरोपी की पहचान हुई और उसे 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया. उससे पूछताछ में कुछ अहम जानकारियां मिली हैं, जिनकी जांच जारी है.

### कमिश्नर की फटकार

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने इंटेलिजेंस विंग को फटकार लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए. होटल रेडिसन ब्लू से स्टेडियम तक खिलाड़ियों के आवागमन मार्ग पर अब स्थायी रूप से पुलिस गश्त रहेगी.

## भारत ने फिर किया पाकिस्तान को बेनकाब

**नई दिल्ली 25 अक्टूबर.** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया. भारत ने तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान की अवधारणाओं से पाकिस्तान बिल्कुल अनजान है. जो देश सेना के पीछे रहकर काम करता है, वो लोकतंत्र के मायने नहीं समझ सकता. संयुक्त राष्ट्र में भारत ने यह भी मांग की है कि इस्लामाबाद उन क्षेत्रों में दमन बंद करे, जिन पर उसने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है. संयुक्त राष्ट्र में भारत ने यह भी मांग की है कि इस्लामाबाद उन क्षेत्रों में दमन बंद करे, जिन पर उसने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है. संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा, जम्मू और कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक ढांचे के अनुसार अपने मौलिक अधिकारों का प्रयोग करते हैं. हम निश्चित रूप से जानते हैं कि इन अवधारणाओं से पाकिस्तान अनजान है. उन्होंने आगे कहा, हम पाकिस्तान से उसके द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्रों में गंभीर और निरंतर मानवाधिकार उल्लंघनों को समाप्त करने का आह्वान करते हैं.

## एक नजर में



### पीएम और राष्ट्रपति से मिले सीएम योगी

**लखनऊ.** सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को नई दिल्ली पहुंचे. इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. माना जा रहा है इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई. वहीं सीएम योगी ने जेवर इंटनेशनल एयरपोर्ट की प्रगति की समीक्षा भी की. भोजपुरी में लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं भी दीं. सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पीएम मोदी से मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा की हैं. लिखा है कि आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया. आपका सान्निध्य हमें कर्मपथ पर अडिग रहने की ऊर्जा देता है. हमारे लिए आपका पाथेय, नीति भी है और शक्ति भी. अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी इससे अलावा सीएम योगी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की है.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
JK Putty 630/-
Asian Putty 610/-
INDIGO PUTTY 540/-
पाएं ब्रांड भी- सस्ता भी
मटेंहना टाईल्स बाजार
74368-74368

### दिल्ली में छूटे लगेज पर जबलपुर में हंगामा

**जबलपुर.** डुमना एयरपोर्ट में शनिवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब यात्रियों के दिल्ली में लगेज छूट गए। दरअसल इंडिगो की फ्लाइट जब एयरपोर्ट पहुंची तो यात्री फ्लाइट से बाहर निकले और अपने- अपने लगेज का इंतजार करते रहे लेकिन काफी देर तक उनका सामान उन्हें नहीं मिला, बाद में पता चला कि दिल्ली में ही उनके लगेज छूट गए है जिन्हें दिल्ली से ही फ्लाइट में लोड नहीं किया गया था।

### कैबिनेट सचिव ने की तूफान से निपटने समीक्षा

**नई दिल्ली.** कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन ने बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान की संभावना के मद्देनजर इससे निपटने की तैयारियों का शनिवार को यहां राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की बैठक में समीक्षा की. मौसम विभाग ने समिति को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव की मौजूदा स्थिति के बारे में बताया. यह पिछले 6 घंटों में लगभग 7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ा. आज अपराह्न साढ़े ग्यारह तक यह चेन्नई से 950 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व, विशाखापत्तनम से 960 किमी दक्षिण-पूर्व, काकीनाडा से 970 किमी दक्षिण-पूर्व और गोपालपुर से 1030 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था.

## गुस्ताखी माफ




# छठ पूजा पर पीएम ने दी शुभकामनाएं

**सादगी और संयम का प्रतीक है यह विराट उत्सव**

**पारिवारिक और सामाजिक सद्भाव की अद्भुत प्रेरणा**

**नई दिल्ली 25 अक्टूबर. आस्था का महापर्व छठ पूजा नहाय-खाय के साथ शनिवार से शुरू हो गया है. चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व उत्तर प्रदेश, बिहार सहित विश्व भर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. पीएम मोदी ने छठ पूजा की देशवासियों को शुभकामनाएं दी.**

उन्होंने कहा कि नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ आज से चार दिवसीय महापर्व छठ का शुभारंभ हो रहा है. नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ आज से चार दिवसीय महापर्व छठ का शुभारंभ हो रहा है. बिहार सहित देशभर के श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं. सभी व्रतियों को मेरा नमन और वंदन.

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हमारी संस्कृति का यह विराट उत्सव सादगी और संयम का प्रतीक है, जिसकी पवित्रता और नियम-निष्ठा अतुलनीय है. इस पावन अवसर पर छठ के घाटों पर जो दृश्य दिखाई देता है, उसमें पारिवारिक और सामाजिक सद्भाव की अद्भुत प्रेरणा होती है.



### पीएम मोदी 30 को बिहार के छपरा और मुजफ्फरपुर में करेंगे चुनावी दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर और छपरा में दो कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए चुनावी राज्य बिहार का दौरा करेंगे. शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यह जानकारी दी. इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने समस्तीपुर और बेगूसराय का दौरा किया और चुनावी राज्य में दो रैलियों को संबोधित किया था.

# लालू राज में डकैती-अपहरण का चलता था उद्योग

## नालंदा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बोला जोरदार हमला

**नालंदा 25 अक्टूबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नालंदा में जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के जमाने में बिहार में कानून व्यवस्था इतनी गिर गई थी, चुनाव 6 चरणों में कराने पड़ते थे. बिहार की जनता को बोलकर जा रहा हूं, नीतीश बाबू के शासन में दो चरण में चुनाव हो रहे हैं.**

इस बार एनडीए सरकार बना दो अगली बार एक ही चरण में चुनाव होगा. नीतीश बाबू और नरेंद्र मोदी की जोड़ी ने 20 साल में, विशेषकर पिछले 11 सालों में कानून व्यवस्था का दुरुस्त कर दिया है. लालू के राज में सारे उद्योग बंद थे. सिर्फ डकैती, अपहरण उद्योग चलता था. पूरा बिहार नरसंहार से जलता था. नीतीश बाबू ने 20 साल में अच्छा प्रदेश बनाकर कानून व्यवस्था लागू किया है. नीतीश बाबू के शासन में बिहार नक्सलवाद से मुक्त हो गया है. इस बार बिहार में गया और औरंगाबाद में 3 बजे मतदान खत्म नहीं होगा, बल्कि 5 बजे तक वोटिंग होगी, क्योंकि नक्सलवाद समाप्त हो गया है.



### खगड़िया और मुंगेर में भी की जनसभा

इससे पहले शाह ने खगड़िया और मुंगेर में एनडीए कैंडिडेट्स के समर्थन में सभा की. लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, बिहार जंगलराज से मुक्त रहे, बहू-बेटियां सुरक्षित रहें. मैं छठ मइया से यही प्रार्थना करता हूं. मुझे लगा था कि छठ पर्व के बीच कौन आएगा, लेकिन पूरा पंडाल भर गया है.

शाह ने कहा कि हमने बिहार को नक्सलवाद से आजाद कराने का काम किया है. यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में जंगल राज वापस आएगा या विकास का राज. क्या आप जंगल राज चाहते हैं?

## अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद से 'खरीद' लिया था

**नई दिल्ली 24 अक्टूबर.** पाक के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था. यह दावा अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने किया है. किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए 'खरीद' लिया था. उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी. उन्होंने कहा, कि हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी. बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया. उन्होंने कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले.

# मैनेजर सहित सात को सजा

## 4 करोड़ 90 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला

**नई दिल्ली 25 अक्टूबर (वार्ता) केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने 4 करोड़ 90 लाख रुपए के बैंक धोखाधड़ी के दो दशक पुराने मामले में सात आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है.**

सीबीआई ने शनिवार को बताया कि जांच एजेंसी की हैदराबाद स्थित अदालत के विशेष न्यायाधीश ने 4 करोड़ 90 लाख रुपये के धोखाधड़ी मामले में कॉर्पोरेशन बैंक की बंजारा हिल्स शाखा के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधन टी. चंद्रकांत को दोषी ठहराते हुए दो वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है.

जांच एजेन्सी ने बताया कि इस मामले में उनके अलावा कर्ज लेने वाले सी बोस, वी. राजनश्री, कोंडा शेखर रेड्डी, एनवीपी नंदा किशोर और एच. राजा शेखर रेड्डी को कुल 55 हजार रुपये के जुर्माने के साथ एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. सीबीआई ने वर्ष 2004 में बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक टी चंद्रकांत और 16 अन्य लोगों के खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर लगभग 4 करोड़ 90 लाख रुपये के हाउसिंग लोन मंजूर करने और बांटने के मामले में कॉर्पोरेशन बैंक को धोखा देने के आरोप में मामला दर्ज किया था.

जांच के बाद सीबीआई ने वर्ष 2007 में 12 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था. सुनवाई के बाद अदालत ने सात आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें सजा सुनाई.

# न्यायमूर्ति सूर्यकांत होंगे अगले सीजेआई

- क्रेंद्र ने शुरू की नियुक्ति औपचारिक प्रक्रिया
- 9 फरवरी 2027 तक रहेगा नए मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल

**नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय में वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई की आगामी 23 नवंबर पर सेवानिवृत्ति को देखते हुए केंद्र सरकार ने अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है.**

कानून और न्याय मंत्रालय ने न्यायमूर्ति गवई को पत्र लिखकर उनके उत्तराधिकारी के नाम की अनुशंसा करने का अनुरोध किया है. स्थापित परंपरा और नियुक्ति की कार्यविधि के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश को अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में अनुशंसित किया जाता है. वर्तमान में न्यायमूर्ति गवई के बाद वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत हैं. न्यायमूर्ति गवई द्वारा की गई अनुशंसा पर राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत औपचारिक रूप से भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश का पदभार ग्रहण कर सकते हैं. ऐसी स्थिति में उनका कार्यकाल 9 फरवरी 2027 तक रहेगा.



### कौने है न्यायमूर्ति सूर्यकांत

दस फरवरी 1962 को जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1981 में हरियाणा के हिसार स्थित सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की और 1984 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की. उन्होंने 1984 में हिसार जिला न्यायालय से अधिवक्ता के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और अगले वर्ष पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में कामकाज शुरू किया.


**तैयारियों की चर्चा** — 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक रहेंगे मौजूद

# आरएसएस के दिग्गजों ने की भागवत से मुलाकात

नवभारत न्यूज

**जबलपुर. सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शनिवार सुबह करीब 6 बजकर 12 मिनट पर जबलपुर पहुंचे. जबलपुर रेलवे स्टेशन में आरएसएस के बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया. इस दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था नजर आई.**

जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन से डॉ. मोहन भागवत सीधे अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक स्थल कचनार क्लब पहुंचे. यहां पर आरएसएस के दिग्गजों से सरसंघचालक से मुलाकात और स्वागत का दौर शुरू हुआ. अब डॉ. मोहन भागवत आगामी दिनों में आयोजित बैठक तक जबलपुर में ही रहेंगे. जानकारी के अनुसार डॉ. मोहन भागवत 4 नवंबर को जबलपुर से प्रस्थान करेंगे. शनिवार को औपचारिक रूप से डॉ. मोहन भागवत के साथ आरएसएस के पदाधिकारियों की एक बैठक भी आयेजित हुई जिसमें 30, 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर में आयोजित अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल बैठक की तैयारियों के बारे में चर्चा की गई. वहीं सुरक्षा के लिहाज से कचनार क्लब के पास पूर्व से ही एसपीजी सहित सुरक्षा एजेंसियों व स्थानीय पुलिस बल तैनात किया गया है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल बैठक कचनार क्लब जबलपुर में 30, 31 अक्टूबर एवं 1 नवम्बर 2025 को होने जा रही है.



### बैठक में वार्षिक योजना की होगी समीक्षा

संघ के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ हाल ही में संपन्न विजयादशमी के पावन पर्व पर नागपुर सहित देश भर में आयोजित विशेष उत्सवों से हुआ है. बैठक में शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रमों की अभी तक तैयारियों की समीक्षा भी होगी. बैठक में सभी प्रांत अपनी शताब्दी योजनाओं के संदर्भ में विस्तृत वृत्त एवं विवरण प्रस्तुत करेंगे. वर्तमान समय के समसामयिक विषयों पर उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक विचार-विमर्श भी बैठक का महत्वपूर्ण हिस्सा रहेगा. बैठक के दौरान हमेशा की तरह इस बार भी वर्ष 2025-26 की निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा और संघ कार्य के विस्तार का वृतांत भी लिया जायेगा.

# टमाटर उत्पादन में मप्र पूरे देश में पहले स्थान पर : सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सब्जी उत्पादक किसानों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का भरपूर लाभ मिल रहा है. कैश क्राप प्रोडक्शन को किसानों ने हाथों-हाथ लिया है. यही कारण है कि सबके किचन की डेली नीड टमाटर के उत्पादन में मध्यप्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से टमाटर की फसल पर आधारित लघु उद्योगों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन मिल रहा है. टमाटर के बीज पर सरकार द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है. इस अनुदान से किसानों को बड़ा संबल मिल रहा है. योजना का लाभ लेकर हमारे किसान भाई आत्मनिर्भर बनकर समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं.

